nt>

Title: Need to connect Bhiwadi in Rajasthan by rail-Laid

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): भिवाड़ी राट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेजी से बढ़ते औद्योगिक कस्बों में से एक है। यह धारूहेड़ा से 5 कि.मी. तथा रेवाड़ी से 25 कि.मी. एवं दिल्ली से 75 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भिवाड़ी में 1000 से अधिक औद्योगिक ईकाइयां स्थापित हो चुकी हैं। इस क्षेत्र में व इसके आसपास पर्याप्त जनसंख्या निवास करती है। इस क्षेत्र के भावी विकास की संभावनओं को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार ने इसे बड़े कस्बे के रूप में विकसित करने का निश्चय किया है। इसके अलावा भिवाड़ी हेतु एक इन्लैंड कंटेनर डिपो की स्वीकृति मिल चुकी है तथा भारत सरकार से यहां के लिए एक निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक पार्क की अनुमति भी प्राप्त होने की संभावना है। विशाल औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र को रेल सेवा से जोड़ा जाना जरूरी है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र वर्तमान में रेल सेवा से बिल्कुल अलग है जिससे कि यात्रियों को सामान लाने ले जाने में बहुत कठिनाई होती है। इसलिए इसे रेल सेवा से शीघ्र जोड़ा जाये।